# राजधानी रांची में भूमि पूजन के साथ शुरू हुई दुर्गा पूजा की तैयारियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भूमि पूजन के साथ ही राजधानी में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसको लेकर जगह-जगह भूमि पूजन किया जा रहा है।

दुर्गा पूजा समिति गीतांजलि क्लब मोरहाबादी की ओर से दुर्गा पूजा की तैयारियों के लिए गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। इसके बाद पंडाल बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा बड़े ही भव्य तरीके से की जा रही है। गीतांजलि क्लब के मनोज कुमार गुप्ता व विनोद गोप ने बताया कि इस बार पूजा का बजट 20 लाख रखा गया है। इस बार इको फ्रेंडली पंडाल का निर्माण किया जाएगा। भूमि पूजन के मौके पर प्रभात कुमार पांडे,राजू पांडे, दोलन पाल, सुरजीत सरकार, देवांशु मेवाड़, मनोज कुमार गुप्ता, विनोद गोप, संजय सोनी, राजकिशोर प्रसाद, ज्ञान प्रकाश, राजेश गुप्ता, सुनील प्रसाद, मनोज खत्री, दुर्गा शर्मा मौजूद थे। वही

स्वर्ण जयंती क्लब बरियातू हाउसिंग कॉलोनी चौक के सदस्यों ने भी अपनी तैयारी को लेकर भूमि पूजन किया। इस भूमि पूजन के साथ माता रानी के आगमन की तैयारी की शुरूआत हुई। क्लब के सदस्य सत्यम ,आलोक झा और देवराज ने बातया कि माता की पूजा में भक्ति भाव में कहीं कोई कमी नजर नहीं आयेगी। पूजा पूरे विधि विधान से किया जाएगा।

गुरुवार को ही ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने मारवाड़ी स्कूल के प्रांगण में समिति के सभी सदस्यों की उपस्तिथि में भूमि पूजन किया गया। इस भूमि पूजन के साथ ही पंडाल निर्माण कार्य शुरू हो गया। भूमि पूजन में समिति के अध्यक्ष चंद्रभान खत्री, संरक्षक श्याम नारायण दयाल, संयोजक दीपक कुमार पंकज,प्रमोद लोहिया, कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता, उपाध्यक्ष अमित व्यास, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, सचिव रंजित जयसवाल एवं समिति के मनोज बक्सरिया,रविंद्र सैनी,प्रखर लोहिया,गौतम कुमार,विशाल गुप्ता,वेद प्रकाश सिंह,सिखिल व्यास आदी उपस्थित थे।


भूमि पूजन करते दुर्गा पूजा समिति गीतांजलि क्लब, मोरहाबादी के लोग।


भूमि पूजन में भाग लेते स्वर्ण जयंती क्लब बरियातू के सदस्य।


भूमि पूजन करते ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति के सदस्य।

## प्रशिक्षु काराधीक्षकों, प्रोबेशन ऑफिसर्स एवं सहायक लोक अभियोजकों से बोले राज्यपाल

# अच्छे समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान दें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को राजभवन में प्रशिक्षु काराधीक्षकों, प्रोबेशन ऑफिसर्स एवं सहायक लोक अभियोजकों से संवाद करते हुए कहा कि समाज को आपसे काफी अपेक्षाएं हैं। उम्मीद है कि आप समर्पित होकर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे। आपने जिस राह का चयन किया है, इस राह पर चलकर आपको एक अच्छे समाज की रचना में अपना सक्रिय योगदान देना है एवं समाज की बेहतरी के लिए लगातार काम करना है। जैसे-जैसे समाज में विकास कार्य आगे बढ़ता है, वैसे-वैसे लोगों की अपेक्षाएं भी बढ़ती है। सफलता की परिभाषा यह नहीं है कि आप अपनी भौतिक आवश्यकताओं को कितना पूरा करते हैं, बल्कि आप समाज के प्रति अपना कितना योगदान देते हैं।

राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निःस्वार्थ, समर्पित एवं निष्पक्ष होकर कार्य करने से जो खुशी आपको मिलेगी, वह खुशी अधिक से अधिक धनार्जन करके भी नहीं प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यता एवं संस्कृति में निष्काम भाव से कर्म करने का संदेश दिया गया है। बिना भेदभाव के प्रत्येक जाति, धर्म एवं भाषा के लोगों के साथ एक समान व्यवहार करने से आपको आंतरिक खुशी होगी। जानबूझकर की गयी गलती एक बहुत बड़ा अपराध है।

राज्यपाल ने कहा कि जीवन में हमें लगातार सीखने का प्रयत्न करते रहना चाहिए। चुनौतियों व असफलता से घबराना नहीं चाहिए, उत्साहपूर्वक निरंतर सही राह में आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री की लोकप्रियता आज संपूर्ण विश्व में है। चंद्रयान-2 की असफलता पर उन्होंने वैज्ञानिकों को ढाढ़स देते हुए कहा था कि चिंता न करें और आगे बढ़ें। वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम एवं प्रधानमंत्री के उत्साहवर्धन से आज चंद्रयान-3 मिशन सफल हुआ और अंतरिक्ष के क्षेत्र में हमारे देश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका योगदान व समर्पण कई लोगों के जीवन को नयी दिशा देने एवं आत्मनिर्भर समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। मौके पर एटीआई के निदेशक मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक मीणा, संयुक्त निदेशक अनिल कुमार एवं लोक अभियोजक, गृह विभाग केके मिश्रा उपस्थित थे।


प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन।

## राष्ट्रीय कैडेट व जूनियर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता शुरू

**रांची।** राष्ट्रीय कैडेट एवं जूनियर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक मथुरा प्रसाद महतो और विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड के 150 खिलाड़ियों समेत देशभर के लगभग 2500 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 24 अगस्त से 27 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में कुल 1450 पदकों का वितरण किया जाएगा। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों एवं अधिकारियों को खेल गांव में ठहरने एवं भोजन आदि की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई है। हालांकि पहले दिन आयोजकों से कई खिलाड़ी नाराज दिखे। इस मामले पर किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने कहा कि कुछ परेशानियां आई है, उन्हें दुरुस्त किया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### बिहार आई बैंक में नेत्रदान पखवाड़ा आज से

**रांची।** बिहर आई बैंक में नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन 25 अगस्त से 8 सितंबर तक चलेगा। यह जानकारी बिहार आई बैंक की ट्रस्टी पी सिन्हा ने गुरूवार को प्रेस वार्त्ता को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि नेत्रदान पखवाड़ा के दौरान बिहार आई बैंक के द्वारा शहर व गावों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद ग्रस्त मरीजों को लेंस लगा कर दृष्टि सुधार किया जा सकता है,लेकिन जिनका कोर्निया खराब हो गया है,उसका केवल नेत्रदान से पाया गया कोर्निया से ही दृष्टि लौट सकती है। इस मौके पर संस्थान के एसएस दूबे मौजूद थे।

### ठेके पर कार्यरत 40 कर्मियों की सेवा समाप्त

**रांची।** झारखंड कृषि विपणन पर्षद (मार्केटिंग बोर्ड) की विभिन्न बाजार समितियों में कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के लगभग 40 कर्मी संविदा पर कार्य कर रहे थे। जैप आईटी की ओर से कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के बीच किए गए एकरारनामा की अवधि समाप्त होने के बाद मार्केटिंग बोर्ड ने उनकी सेवा समाप्त कर दी है। बोर्ड के एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स हजारीबाग को लिखे पत्र में कहा है कि आपके द्वारा एकरारनामा के नवीकरण और या विस्तार के संबंध में 24 अगस्त को कार्यालय अवधि तक एकरारनामा के नवीकरण संबंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया। इस कारण कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स को 25 अगस्त से सेवा समाप्त मानी जाएगी। बोर्ड ने इसकी कॉपी राज्य के सभी बाजार समिति के सचिव और वोट मुख्यालय के सभी पदाधिकारी को भेज दी है।

### अधिवेशन का पांचवां चरण 11-16 नवंबर से

**रांची।** एदार ए शरीया झारखंड के तत्वाधान में खांनकाहे मुनअमीया मजहरीया फिरदौस नगर में मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली की अध्यक्षता में हुवी जिस का संचालन नाजिमे आला मलाना कितुबुद्दीन रिजवी ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय एदार ए शरीया के तत्वावधान में गत 13 दिसम्बर 2022 से बिहार के बेतिया से प्रारम्भ एदार ए शरीया जागरूकता सह समाज सुधार अधिवेशन के पांचवें चरण के बीच झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों, में अधिवेशन आयोजित करने का है। बैठक में सभी सम्मानित उलेमा, ईमाम व बुद्धि जिवियों ने केंद्रीय एदार ए शरीया से जारी कार्यक्रम के अनुसार 11–16 नवम्बर 2023 तक अधिवेशन करने पर बल दिया।

### नो पार्किंग जोन पर खड़े वाहनों का कटा चालान

रांची। यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित करने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत दिख रही है। इसी कड़ी में वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर डेलीमार्केट पुलिस ने जहाँ तहाँ नो पार्किंग में अपनी वाहन खड़ी कर देने वालों लोगो पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इसी के मद्देनजर गुरुवार को डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से थाना के आसपास सड़क व सड़क किनारे नो पार्किंग जोन पर खड़े किए गए कई वाहनों का डिवाइस के जरिये तत्काल फोटो खींचकर चालान काटवाया।

### 26 अगस्त को सीएम आवास का घेराव

**रांची।** 50 दिनों से अपनी मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष धरना पर बैठे राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वंयसेवक संघ के स्वयंसेवक सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिए जाने से नाराज होकर 26 अगस्त को सीएम आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने दी।

### जूलूस-ए-मोहम्मदी की बैठक 10 सितंबर को

**रांची।** सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वाधान में हिन्दपीढ़ी स्थित इस्लामी मरकज में सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के प्रमुख पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक गुरूवार को कमिटी के अध्यक्ष मौलाना डा. ताजुद्दीन रिजवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें आगामी 28 सितम्बर 2023 को ईद मीलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस– ए– मोहम्मदी पूरे अकीदत व एहतराम के साथ निकाले जाने पर गम्भीरता पूर्वक विचार किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी सितम्बर माह में निकाले जाने वाले जुलूस– ए– मोहम्मदी की सफलता के लिए आगामी 10 सितम्बर 2023 को सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी एक आवश्यक बैठक बुलाकर उनकी भी सलाह ली जाए ताकि तमाम लोगों के आपार सहयोग से जुलूस– ए– मोहम्मदी को सफल किया जा सके।

### दादी प्रकाशमणि की स्मृति में सहज राजयोग का आयोजन

**रांची।** प्रजापिता ब्रशाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान, हरमू रोड, में गुरूवार को सहज राजयोग का अभ्यास दादी प्रकाशमणि की स्मृति में किया गया। इस अवसर पर ब्रशाकुमारी निर्मला बहन ने दादी के चित्र पर माल्यार्पण किया और कहा कि उनकी याद में निर्मित 'प्रकाश स्तंभ' प्रतिदिन अनेक आत्माओं को योग की अनुभूतियाँ कराता है। उन्होंने कहा दादी प्रकाशमणि साकार प्रजापिता ब्रशा के अव्यक्त होने के बाद यज्ञ की सेवा बहुत अच्छी तरह से सम्भाला एवं विश्व के 133 देशों में 3500 से भी अधिक सेवा उप सेवाकेन्द्र की स्थापना हुई एवं लाखों की संख्या में लोग ब्राशण परिवार में जुड़ गये। आप की अनुपस्थिति विशाल ब्राशण परिवार में एक रिक्तता का अभास कराती है। वे निर्मल निष्काम व आत्मिक प्रेम की प्रतिपूर्ति थीं।

### श्री राधाकृष्ण मंदिर में सात दिवसीय भागवत कथा शुरू

**रांची।** सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा में गुरूवार को । कथा वाचक मोहन श्याम दुबे (श्याम भैया) तथा रास बिहारी दुबे ( धाम वृंदावन) ने कृष्ण जन्म की कथा का मार्मिक ढंग से वर्णन किया,जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे।

### पीएम से 20 लाख ग्रेच्युटी भुगतान की गुहार : जीपी पांडेय

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता और कोयला खदान शिक्षक मोर्चा के सीसीएल के सचिव जय प्रकाश पांडेय ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कोल इंडिया के कोलियरी अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत वर्षो से शोषित,पीड़ित और भूखे शिक्षकों लिए कम से कम 20 लाख की ग्रेच्युटी और लगभग 1.6 वर्षो से बकाए अनुदान जल्द भुगतान करने का आग्रह किया है।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर सरला बिरला विवि में समारोह


सरला बिरला विवि के कर्यक्रम में भाग लेते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर सरला बिरला विश्वविद्यालय में गुरुवार को समारोह आयोजित कर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के समस्त टीम मेंबर्स को शुभकामनाएं दी गयी। सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए एवं सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने चंद्रयान-3 की सफलता के विभिन्न कारकों की चर्चा करते हुए कहा कि जब अच्छा नेतृत्व एवं उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो, तभी ऐतिहासिक एवं साहसिक कार्य संभव हो सकते हैं। उन्होंने इसरो के उद्देश्य एवं कार्यों की चर्चा करते हुए चंद्रयान-2 की सफलता-असफलता द्वारा मिली प्रेरणा को चंद्रयान-3 की सफलता का कारण बताया। कहा कि असफलता से घबराना नहीं चाहिए। सफलता के लिए सतत प्रयास करते रहना चाहिए। हमें इसरो के वैज्ञानिकों से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 का सफल परीक्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सकारात्मक सहयोग एवं प्रेरणा का प्रतीक है। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने भी इसरो द्वारा चंद्रयान-3 की सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित की है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों के मनोबल को बनाये रखने के लिए देश का वर्तमान नेतृत्व हर संभव सहयोग करते हुए स्पेस सेक्टर की संभावनाओं को साकार करने के लिए पहले से काफी कुछ बजट में प्रावधान किया गया। डिप्टी रजिस्ट्रार प्रो अमित गुप्ता एवं इसीइ के फैकल्टी डॉ मनोज पांडेय तथा एमसीए की छात्रा रिया कुमारी ने भी अपने विचार रखे।

## एचडीएफसी बैंक महिलाओं को बना रहा सशक्त

**रांची।** इंफ्रास्ट्रक्च र, ईएसजी और सीएसआर ने कहा कि एचडीएफसी बैंक महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आवश्यक कौशल और ज्ञान के साथ प्रशिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। एचडीएफसी बैंक रुपरिवर्तन हमेशा अपने समग्र कार्यक्रमों के माध्यम से महिला केंद्रित पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हम वंचित लड़कियों को कौशल से लैस करने के लिए काम करते हैं, जो उन्हें अपने भविष्य को परिभाषित करने और अपने समुदायों को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

## आदिवासी संगठनों ने जमीन मालिक को दिलायी दखल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आदिवासी जन परिषद/लोहार कोचा सरना समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा गुरुवार को मौजा कोनका के अंतर्गत लोहरा कोचा का खाता नंबर 99 प्लॉट नंबर 17 में आदिवासियों की जमीन जिसका मालिक कार्तिक पाहन है। इस जमीन पर करमा गाड़ा जाता था और सामाजिक कार्य का आयोजन होता था। उसी जमीन पर भूमाफियाओं ने फर्जी मालिक खड़ा करके जमीन बेचने की तैयारी में थे। लेकिन मौके पर विभिन्न आदिवासी संगठनों के सदस्य मौके पर पहुंच कर विरोध किया और जमीन मालिक को दखल दिलाया गया। इस मौके पर आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि जहां-जहां आदिवासियों जमीन पर लूट होगी वहां आदिवासी जन परिषद खड़ा रहेगा । आए दिन देखने को मिलता है कि फर्जी कागज बनाकर भू माफियाओं के द्वारा जमीन बेचने का प्रयास किया जाता हैं । आदिवासी जन परिषद सीएम से


जमीन मालिक को दखल दिलाते आदिवासी संगठन के सदस्य।

## इंटर हाउस ताइक्वांडो में एक्ज्यूबरेंट हाउस ओवरऑल चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय इंटर हाउस ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें कक्षा षष्ठम से कक्षा नवम तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 80 पदक (20 स्वर्ण, 20 रजत एवं 40 कांस्य पदक) के लिए छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखा पदक हासिल किये।

इस प्रतियोगिता में एक्ज्यूबरेंट हाउस को प्रथम (7 स्वर्ण, 3 रजत, 5 कांस्य पदक) स्थान प्राप्त हुआ। रायट्रियस हाउस को द्वितीय (4 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य पदक) और करेज हाउस को तृतीय (3 स्वर्ण, 5 रजत, 3 कांस्य पदक) स्थान प्राप्त हुआ।

विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ श्रीमती रंजना स्वरूप तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में इसी प्रकार के प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्रों को सीबीएसइ द्वारा आयोजित 2023 प्रतियोगिता के लिए भी तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।



इंटर हाउस ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे।

# अनुशासन ही सफलता का अनिवार्य तत्व : डॉ टीके शांडिल्य

## डीएसपीएमयू के बीबीए विभाग में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के बीबीए विभाग में गुरुवार को नए सत्र के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासित रहते हुए अपने अकादमिक जीवन को पूर्ण करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि अनुशासन हमारे जीवन में आत्मबल और सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह सलाह दी कि अपने व्यक्तित्व का चतुर्दिक विकास करें ताकि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग की चुनौतियों का भली भांति सामना किया जा सके।

उन्होंने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति में इस बात पर बल दिया गया है कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके पूर्व विभाग के निदेशक डॉ अशोक कुमार नाग ने कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का स्वागत करते हुए बीबीए विभाग के विषय में जानकारी प्रदान की। इसके पूर्व विद्यार्थियों के द्वारा कुलगीत प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत विभाग की संपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों के द्वारा पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। मौके पर सभी विभागीय शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।


इंडक्शन कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी।

### डीएसपीएमयू में अंतर्विभागीय खेल प्रतियोगिता



रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में गुरुवार को अंतर्विभागीय खेल प्रतियोगिता के नॉक आउट वॉलीबॉल मुकाबले के उदघाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि खेलों में हार–जीत परिणामों की दृष्टि से होते हैं। लेकिन वास्तविक तौर पर खिलाड़ियों में खेल भावना, सामूहिकता का संदेश और अपनत्व की वृद्धि ही किसी भी खेल प्रतियोगिता के अंतिम वास्तविक परिणाम माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अकादमिक गतिविधियों के अलावा खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने इसी संदर्भ में कहा कि जल्द ही स्पोर्ट्स कैलेंडर के अनुसार विश्वविद्यालय एक बड़े स्पोर्ट्स एनुअल मीट का आयोजन करेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने भी खेल भावना के साथ प्रतियोगियों को भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी। खेल निदेशक डॉ अभय सागर मिंज ने इस अवसर पर सभी भाग ले रही टीमों के सदस्यों का परिचय कराया। आज वॉलीबॉल के नॉक आउट मुकाबले में मानवशास्त्र, बीएड, दर्शनशास्त्र, हिंदी, गणित, बीबीए तथा अन्य विभागों की टीमों ने आपस में काफी प्रतिस्पर्धात्मक खेल के साथ श्रेष्ठ खेल भावना का भी प्रदर्शन किया। इन मैचों के परिणामों के आधार पर आगे फाइनल प्रतियोगिताएं संपन्न की जाएंगी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, प्रॉक्टर डॉ पंकज कुमार, खेल निदेशक डॉ अभय सागर मिंज सहित सभी खिलाड़ी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## चंद्रयान-3 की सफलता प्रत्येक भारतीय की सफलता है : आलोक

**रांची।** प्राइवेट स्कूल एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग को प्रत्येक भारतीय की सामूहिक सफलता माना है। उन्होंने कहा कि नि>ित रूप से यह प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का पल है। उन्होंने इसका पूर्ण श्रेय इसरो के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों को दिया जिनके अथक प्रयास एवं लगातार मेहनत से यह सफलता प्राप्त हुई और भारत का नाम विश्व पटल पर स्थापित हो सका। नि>ित रूप से इसरो के महान वैज्ञानिकों ने अपने अथक प्रयास से वह कर दिखाया जिसकी बराबरी विश्व का कोई भी देश नहीं कर सकता है। श्री दूबे ने कहा कि पहली बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत के द्वारा सफल लॉन्चिंग और चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण न सिर्फ भारत की गरिमा को बढ़ाएगा बल्कि लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी विकसित करेगा।

स्पीड न्यूज

### मुसलमानों की समस्याओं का समाधान करे सरकार



**पिस्कानगड़ी।** नेशनल विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष किस्मत हुसैन उर्फ हुसैन भाई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अल्पसंख्यक मुसलमानों की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार कोई पहल नहीं कर रही है। हेमंत सरकार द्वारा अब तक ऐसा कुछ भी काम नहीं किया गया जिससे कि मुसलमानों को फायदा पहुंचे। कई मुस्लिम तंजीमें मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से अवगत करा चुकी है। नेशनल विकास पार्टी मांग करती है कि मुसलमानों के सभी समस्याओं का हल जल्द किया जाये।

### बुढ़मू : बिजली चोरों पर 2.40 लाख का जुर्माना

**बुढ़मू।** प्रखंड के उमेडंडा गांव में विद्युत विभाग के द्वारा गुरुवार दोपहर में वीजली चोरी के खिलाफ औचक छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे 8 लोगों को अवैध रूप से विजली चोरी करते पकड़ा गया। जिसमे उमेडंडा ग्राम के ही ब्रजेश कुमार नायक ए विक्रांत कुमार नायकए राजदीप महतोए मनोज घांशी ए जगदीश राम, अनिल कुमार नायक, कामदेव मोची, बिनोद कुमार मुंडा शामिल हैए इन सभी लोगों पर कुल 2,40,172 रुपया का जुर्माना लगा क केस दर्ज किया गया। इस दौरान बिजली विभाग के आशीष कुमार मुंडा, विवेक जी कनीय विद्युत अभियंता, राजेश बिरूवा सहायक विद्युत अभियन्ता, नरेंद्र सिंह, रेयाजुल अंसारी आदि लोग अभियान में शामिल थे।

### लड़की के आत्महत्या मामले में केस दर्ज

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में बुधवार को एक लड़की के द्वारा की गयी अत्महत्या मामले में अनगड़ा थाना मे लड़की के पिता मोबीन अन्सारी ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी में इरबा के महमूद अन्सारी नामक एक शादी सुदा व्यक्ति पर उसकी पुत्री पर शादी के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए उसकी पुत्री का अत्महत्या का जिम्मेवार बताया गया है। मालूम को कि मंगलवार की सुबह नौ बजे नौशीन परवीन फांसी लगाकर अत्महत्या कर ली थी।

### सोनाहातू के 40 किसानों को मिला मकई का बीज

**सोनाहातू।** प्रखंड के सोनाहातू पंचायत सचिवालय में एनएफएसएम योजना के तहत मकई बीज का वितरण आत्मा रांची के द्वारा किया गया। पंचायत के 40 किसानों के ब्लॉक चेन द्वारा आवेदन लेकर बीज वितरण किया गया। मौके पर के समय, मुखिया विकास सिंह मुंडा, बीटीएम दीनानाथ भगत, बीएओ विष्णु खंडित, उप मुखिया, वार्ड सदस्य आदि मौजूद थे।

### सिल्ली : यौन शोषण के आरोप में युवक को जेल

**सिल्ली।** शोषण के मामले में चल रहे फरार आरोपी वासुदेव महतो को पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिला से पड़कर गुरुवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला के अरसा थाना निवासी बासुदेव महतो पर यौन शोषण का मामला दर्ज किया गया था जो यह अभियुक्त फराज चल रहा था।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**सिल्ली।** थाना कांड के प्राथमिक अभियुक्त बासुदेव महतो, पिता- भगीरथ महतो, ग्राम- बोडाम, थाना- अरसा, जिला- पुरुलिया को पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा जा रहा है

## एनजीटी के आदेश पर छह माह में तीसरी बार जांच करने पहुंचे रांची डीसी

# मोनेट कोल वाशरी में प्रदूषण की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ;एनजीटीद्ध केंद्र सरकार दिल्ली के प्रिंसिपल बेंच के आदेशनुसार राँची डीसी राहुल सिन्हा व केंद्रीय टीम ने मोनेट डेनियल कोल वाशरी मेसर्स लिमिटेड का दौरा किया। बताना चाहते है मोनेट के द्वारा कोयला वाशएलोडिंग अनलोडिंगएरखरखाव में भारी अनियमित्ता पाया गया था। जिसको लेकर ;एनजीटीद्ध केंद्रीय सरकार दिल्ली के द्वारा हस्तेक्षप करते हुए जाँच किया गया। जिसको लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तरफ से पर्यावरण प्रदूषण को लेकर मोनेट डेनियल कोल वाशरी मेसर्स लिमिटेड में राँची डीसी के साथ राजीव रंजन अपर निदेशकए पर्यावरणए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालयए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्डद्धए;क्षेत्रीय कार्यालयद्ध वैज्ञानिक तौफीक आलमए गोपाल कुमारए क्षेत्रीय पदाधिकारीए झारखंड स्टेट प्रदूषण नियंत्रण बोर्डए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पार्षद के प्रतिनिधिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पार्षद के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने निरीक्षण के लिए पहुँचे। इस संबंध ने राँची डीसी ने बताया कि नई दिल्ली के आदेश पर एक कमेटी बनाई गई थी। जिसको लेकर छः महीने से मोनेट में प्रदूषण को लेकर रूटीन जांच पड़ताल किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में पर्यावरण प्रदूषण को लेकर और सुधार करने का निर्देश कम्पनी के जेनरल मैनेजर एवं संबंधित पदाधिकारियों को आसपास के लोगों को प्रदूषण से समस्या से निजातए नदी का पानी दुषित न करेंए कोयले का बहाव नदी में नही करने तथा आसपास साफ सफाई के साथ उसके रखरखाव पर चर्चा करते हुए बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने की बात कही साथ ही एनजीटी के आदेश सख्त रुप से पालन करने की बात कही।



मोनोट कोल वाशरी में प्रदूषण की जांच करते डीसी।

### 50 डिसमिल भूमि से अवैध कब्जा हटाने को सौंपा ज्ञापन

मोनेट डेनियल कोलवाशरी में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा के आगमन पर समाजसेवी गौरीशंकर केशरी ने मोनेट के द्वारा नदी के भू.भाग एरिया में लगभग 50 डिसमिल सरकारी जमीन का अतिक्रमण कि बातें को रखा एवं दोषियों के उपर कार्रवाई करने एवं अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया। वही श्री केशरी ने बताया कि कार्यालय उपायुक्त .सह .जिला दण्डाधिकारीए रांची। ;जिला नजारत शाखाद्ध पत्रांक 810ःद्ध में बताया गया कि मेसर्स मोनेट डेनियल कोल वाशरी अतिक्रमण हटाने के लिए अनुरोध किया गया है। उक्त जगह से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में होने वाले व्यय की वसूली भी अतिक्रमणकारी से ही किये जाने का प्रावधान किया गया है।

एक नजर में

### मनरेगा लोकपाल ने किया योजनाओं का निरीक्षण



मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण करतीं मनरेगा लोकपाल।

**पिठोरिया।** गुरुवार को कांके प्रखंड अंर्तगत उपरकोनकी पंचायत के राजस्व ग्राम मारवा के जंगलटोली में निर्मित मनरेगा योजनाओं के विभिन्न योजनाओं के भौतिक स्थिती के अवलोकन हेतु झारखंड राज्य के 05 जिला लोहरदगा, गुमला, जामताड़ा, चतरा और सरायकेला-खरसावां के लोकपाल, राज्य मनरेगा कोषांग के पदाधिकारी सभी योजनाओं के भ्रमण करने के उपरांत पंचायत सचिवालय उपरकोनकी का निरीक्षण किए। साथ में उपस्थित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी, मुखिया, उप मुखिया, महिला मेट, उरुगुट्टू पंचायत के मुखिया और महिला मेट उपस्थित रहे।

### कांके थाना में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ केस दर्ज

**कांके।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। इसमें सोनू तिर्की ने आदिवासी समाज को आहत करने का आरोप लगाया है। बाबूलाल मरांडी के खिलाफ आईपीसी की धारा 504, 505 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। सोनू तिर्की ने कहा है कि राजनीतिक फायदे के लिए बाबूलाल मरांडी ने शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की है।

### जनसभा में भड़काउ भाषण को ले भैरव सिंह पर केस

**कांके।** थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू में 24 जुलाई को एक जनसभा में आपत्तिजनक भड़काउ भाषण देने एवं आपत्तिजनक बयान देने पर कांके थाना में हिंदपीढ़ी निवासी भैरव सिंह पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। उसके विरुद्ध शफीक मंसूरी सैयद मंसूरी शाहिद मंसूरी शहंशाह आलम इमरोज हुसैन रब्बानी मंसूरी इरफान अंसारी सभी सुकुरहुटू निवासी ने प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**ओरमांझी।** आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से आयोजन करने को लेकर गुरुवार को श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति चुटूपालू की एक महत्पूर्ण बैठक हुई। अश क कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष दुर्गा पूजा का सफल आयोजन करने वाले कमिटि को ही इस वर्ष भी जिम्मेदारी दी जाए। बैठक में समिति के अध्यक्ष महेष करमाली, सचिव विरेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, कार्यकारणी अध्यक्ष राजु कुमार सिंह, संरक्षक विनोद गुप्ता, सुरेंद्र सिंह सिंधी, धनंजय सिंह, बबलु करमाली, अजय सिन्हा, सत्यनारायण सिंह, पतरस करमाली, विमल साहू, मोनू अग्रवाल, हरेराम शर्मा उपस्थित थें।

### मजदूरों की समस्याओं को लेकर जमसं की बैठक

**खलारी।** जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता गोलटेन प्रसाद यादव ने किया। बैठक में एनके एरिया के सभी परियोजना के पदाधिकारी उपस्थित थें। बैठक में मजदूरों के विभिन्न समस्या और मेंबरशिप के संबंध मे चर्चा की गई।

## तिगरा ने फगुआटोली बाजपुर को हरा कर जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

● महात्मा गांधी स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के तिगरा टिकराटोली में आयोजित तीन दिनी महात्मा गांधी स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पूना हिरानागपुर क्लबए तिगरा ने फगुआटोली बाजपुर को रोमांचक और सीधे मुकाबले में 2-1 से हराकर चैंपियनशिप जीत ली। वहीं सेमी फाइनल में चितरकोटा की टीम ने भूषण बोरिंग सेंटर, बाजपुर को 1-0 से पराजित कर दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में आजसू नेता भरत कांशी बतौर मुख्य और जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, विजय महतो, सुखदेव उरांव, अनिमा तिग्गा, पूनम देवी व पिंकी देवी विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने विजेता को एक बड़ा खस्सी व 10 हजार नकद, उप विजेता को 7 हजार नकद और खस्सीए तृतीय स्थान पाने वाली टीम को 35 सौ नकद व खस्सी तथा चतुर्थ को 25 सौ नकद और खस्सी भेंट किये। संचालन अर्जुन महतो ने किया।

**इन्होंने निभायी भूमिका**

सुलेन्द्र महतो, किनु मुंडा, तीजेंद्र महतो, बलराम महतो, भीम महतो, अर्जुन महतो, सुरेश महतो, रंथू मुंडा, नीरज मुंडा, बालचंद महतो, शिवेश्वर, रिकेश, संतोष गोप, जितेंद्र, मनोज, अमर, प्रकाश, बिनोद, भूषण, रंजीत, सुखदेव, दिलीप, जय, लालजीत, शुभम, रोहित, बसंत, अशोक, पंचम, महावीर, लिलवर, रामजय, आनंद, विकास व अजित आदि।

## ग्रामीणों ने किया सीसीएल के खिलाफ प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के चिरैयांटांड़ मे स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।इसके साथ ही 25 अगस्त को पिपरवार भूमिगत खदान को लेकर होने वाले लोक जनसुनवाई कार्यक्रम का विरोध किया। जानकारी के मुताबिक सीसीएल की पिपरवार में महात्वाकांक्षी भूमिगत कोल खदान परियोजना के फेज एक के विस्तार के लिए 25 अगस्त को झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड की तरफ से पर्यावरणीय लोक जन सुनवाई होने वाली है।इसको लेकर किचटो पंचायत के विस्थापित ग्रामीणो ने चिरैयाटांड़ में बैठक कर विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला जलायाएसाथ ही लोक जन सुनवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।ग्रामीणों ने बताया कि वह सभी मंगरदाहा गांव से विस्थापित होकर चिरैयांटांड़ मे पुर्नवासित किया गया हैएलेकिन आज तक विस्थापित ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा से वंचित रखा गया है।पूर्व में किए गए वादों को पहले प्रबंधन पूरा करें उसके बाद ही आगे के कार्य होने दिया जाएगा। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में स्थानीय विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।



सीसीएल के खिलाफ प्रदर्शन करते चिरैयाटांड़ के ग्रामीण।

### जेएमएस का धरना तीन तक स्थगित

**खलारी।** जनता मजदूर संघ के द्वारा आठ सूत्री मांग को लेकर शुक्रवार को आहत जारी धरना चुरी परियोजना के कार्यालय के समक्ष को तीन सितंबर तक टाल दिया गया है। चुरी परियोजना में प्रबंधन और युनियन के बीच बैठक में प्रबंधन ने सभी मुद्दों को जल्द सुलझा लेने कि बात कही है। जिसमें प्रबंधन को एक सप्ताह का समय युनियन ने दिया है। परियोजना पदाधिकारी मुद्दा को नहीं सुलझा लिया गया तो तय समय के अनुसार धरना तथा आन्दोलन कि रूप रेखा तैयार किया जाएगा। बैठक में प्रबंधन की ओर से पीओ अनुज कुमार, कार्मिक अधिकारी आलोक जजवारएऔर युनियन कि ओर से जेसीएसी सदस्य कमलेश कुमार सिंह शामिल हुए।

## सीडब्ल्यूसी में असिता और रिया का बयान दर्ज

### कृषक उवि के शिक्षकों पर बच्चियों की पिटाई का मामला





खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू में प्रबंध समिति के सचिव अशोक महतोए प्राचार्या सीमा कुमारीए उप प्राचार्या नेलसा स्वेता तिर्की व निरंजन महतो के द्वारा बगैर बताये घर से स्कूल जाने के बहाने पिकनिक मनाने गये तीन छात्रा समेत नौ छात्रों को उनके अभिभावकों की मौजूदगी में छड़ी से की गयी पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रबंधन खुद और शिक्षकों को बचाने में लगा है। हालांकिए आरोपियों के खिलाफ रातू थाने में भादवि की धारा 341ए 323ए 354ए 34 तथा 75ए 82 और 87 जेजे एक्ट के तहत कांड संख्या 342/23 दर्ज कर लिया गया है। थानेदार सपन महथा ने बताया कि घटना के बाद से चारों फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

**साक्षी की हालत में सुधार**

स्कूल के शिक्षकों की पिटाई और परिजनों की फटकार से आहत विद्यालय के 10 वीं की छात्रा साक्षी कुमारी ने कीटनाशक पीकर आत्म हत्या की कोशिश की थी। वह रिंची हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में इलाजरत है। चिकित्सकों ने बताया कि उसकी हालत में सुधार है। बातचीत भी कर रही है। वह खतरे से बाहर है। इधरए गुरुवार को सीडब्ल्यूसी में असिता और रिया का बयान रिकार्ड किया गया। जुमनाइल कोर्ट में शुक्रवार को दोनों के बयान रिकार्ड किये जायेंगे।

**रोज की तरह खुला रहा स्कूल**

घटना के तीसरे दिन भी रोज की तरह ही स्कूल खुला रहा। पठन.पाठन निर्बाध रूप से चला। सभी विषयों की पढ़ाई हुयी। इलाके के विभिन्न चौक.चौराहों में घटना की चर्चायें होती रही। पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में अनुशासन है। यही वजह है कि मैट्रिक में यहां का रिजल्ट अन्य स्कूलों की तुलना में बेहतर रहा है।

## सोनाहातू : धनरोपनी कर रहीं छह महिलाएं ठनका से घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के सोनाहातू गांव में ठनका गिरने से 6 महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी महिलाएं खेत में धान रोपनी कर रही थीं। घटना गुरुवार के दिन 3 बजे के आसपास की है। अचानक ठनका गिरा और 6 महिलाएं गिर पड़ीं। आसपास के लोगों ने तत्काल सोनाहातू अस्पताल पहुंचाये। अस्पताल में सोनाहातू मुखिया विकाश सिंह मुंडा, आजसू नेता श्याम कुमार महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेण कुमार प्रमाणिक, श्यामल दास, जितेन कुम्हार, तरनी सेठ घायलों की मदद की और प्राथमिक उपचार कराये। स्थिति बिगड़ती देख सभी को एंबुलेंस से रांची रिम्स भेजा गया। ठनका से रिबन देवी (45 वर्ष) राखी कुमारी (18 वर्ष) सांवरी देवी (42 वर्ष) रेवती देवी (55 वर्ष) संयोती देवी (32 वर्ष) प्रमिला देवी (40 वर्ष) घायल हैं।

**इलाज के दौरान एक महिला की मौत**

सोनाहातू। रिम्स में इलाज के दौरान शाम 6 बजे शव्या देवी उर्फ संयोति देवी की मौत हो गई। अन्य 5 महिला का बेहतर इलाज कराया जा रहा है। ठनका से महिला की मौत की सूचना पर विधायक सुदेश महतो ने गहरा दुख प्रगट किये है। मृतक के परिजनों को प्रति संवेदना व्यक्त किये है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़।**
(संविदा आधारित अंतिम मेधा सूची प्रकाशन रद्द संबंधी सूचना)

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ के अधीन जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित मेधा सूची SBM –cum- SLWM Coordinator का प्रकाशन जिसका PR No. 281291 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D एवं MIS Coordinator, IEC Coordinator का प्रकाशन जिसका PR No. 287412 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D) को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है। जिसकी सूचना NIC Ramgarh पर भी देखी जा सकती है।

ह०/—
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR 305443 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


## चंद्रयान-3 की सफलता : जुलूस निकाल लोगों ने मनाया जश्न

**अनगड़ा।** चांद पर चन्द्रयान-3 के सफल लैंडिंग पर भाजपा सहित विभिन्न संस्थानों द्वारा जुलुश निकाल कर खुशी मनायी जा रही है। भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतत्व में कार्यकर्ताओं ने गोंदली पोखर में जुलूस निकाल कर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी। खुशी व्यक्त करने वालों में ओबीसी मोर्चा के नरेश साहू, सिकंदर अंसारी, सुनील महतो शिवशंकर केशरी सुप्रेश महतो राजेन्द्र महतो घनेनाथ महतो बाबा लक्षमण भगत बिहारी साहु शंकर साहु इत्यादि शामिल थे। बाल सस्कार केन्द्र के बच्चो ने गुरुवार को तिरंगा के साथ जुलुस निकाल इशरो के वैज्ञानिकों बधाई दी।



अनगड़ा में चंद्रयान-3 की सफलता पर जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

### झारखंड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिया धन्यवाद

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा मे इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा चंद्रयान-3 का सफलतापूर्वक चंद्रमा पर लैंडिंग के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक सभी शिक्षको और बच्चों द्वारा तालियो के गुंज से धन्यावाद दिया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक सह निदेशक अभिषेक कुमार चौहान ने इसरो की उपलब्धियों के विस्तार मे बताया गया। बच्चो को वैज्ञानिको जैसा भविष्य मे बनने के लिए भी प्रेरित किए। मौके पर राजेश कुमार, ज्योति चौहान, गणेश कुमार महतो, मनोज यादव, रमेश कुमार महतो, किरण देवी, संदीप महतो, गौतम प्रताप सिंह मौजूद थे।

### तमाड़ में निकाली बाइक रैली

**तमाड़।** हिंदू क्रांति संघ तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप नारायण पांडेय के नेतृत्व चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर गुरुवार की शाम पांच बजे तिरंगा सहित बाइक रैली का आयोजन किया गया। चंद्रयान 3 का सफल चंद्रमा पर उतरने की खुशी में संघ के सदस्यो ने रैली निकाल भारत माता की जय के नारे लगाते हुए जश्न मना रहे थे। रैली तमाड़ के मुख्य मार्ग पुंडीदीरी रोड स्थित महावीर मंदिर सें तमाड़ नीचे टोली होते हुए तमाड़ बस स्टैंडए सें डोडेया मोड़ के रास्ते सें एनएच 33 सें दिउड़ी मंदिर से रायडीह एब्लॉक मोड़ होते हुए पुनः महावीर मंदिर में बाइक रैली का समापन किया गया। रैली में प्रदीप नारायण पांडेय, भुवनेश्वर मल्लिक, राजा मल्लिक, बिट्टू वर्मा उर्फ माईकल, भवानी मुंडा, अनिकेत गुप्ता, बिरंती खंडित, समीर दास, सिद्धार्थ गुप्ता, आदित्य पांडेय, किशन दास, प्रकाश दत्ता, मोनू गुप्ता, सोहन रविदास शामिल थे।




**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
Tender Reference No. : RCD/KODERMA/677/2023
दिनांक:-19.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | IRQP Work in Urwan-Kanti Road from Km 0.00 to 5.80 Km ( Total Length= 5.80 Km.) Under Road Division ,Koderma for the Year 2023-2024 |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 4,80,38,152.00 (चार करोड़ अस्सी लाख अड़तीस हजार एक सौ बावन रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs. 4,81,000.00 (चार लाख एकासी हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02(दो) माह। |
| 5. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 05.09.2023, 10:30 बजे तक। |
| 6. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 26.09.2023, 12.00 बजे तक। |
| 7. | बिड खुलने की तिथि | 29.09.2023, 12.30 बजे तक। |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता । | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 9. | हेल्प लाइन नं० | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता-सह-राजमार्ग पदाधिकारी
प०नि०वि०,पथ प्रमण्डल,कोडरमा

PR 305420 Road(23-24).D


## पहले दें मुआवजा, फिर करें सड़क निर्माण कार्य : ग्रामीण

● भारत माला परियोजना से प्रभावित किसानों ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारत माला सड़क मार्ग परियोजना की मुआवजा राषि भुगतान को लेकर गुरुवार को ओरमांझी के तापे गांव में प्रभावित किसानों के साथ विभाग के पदाधिकारियों ने बैठक की। ग्राम प्रधान दिनेश पाहन की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रभावित किसानों ने मांग किया कि अधिग्रहण भूमि का मुआवजा देने के बाद ही एनएचआई कार्य करें। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चैधरी व आजसू नेता रामधन बेदिया ने कहा प्रभावित किसान जब भूमि देने के लिए तैयार हैं। ऐसे में मुआजवा देने में किसानों को परेषान करना ठिक नही है। मुआवजा देने में परेषानी होने पर दलालों को किसानों की मुआजवा राशि को कमिषन के नाम पर ठगी करने का अवसर मिलता है। कहा जिनका भूमि परियोजना में जा रही है। उसे एनएचआई जल्द मुआवजा दे उसके बाद ही कार्य शुरू करे। वहीं उपस्थित सीओ ने कहा ग्रामीणों को फर्जी रूप से मुआजवा देने की षिकायत करते हुए आपत्ति दर्ज की गई है। जिसपर जिला से मार्गदर्शन मांगा गया है।



मुआवजा को लेकर प्रदर्शन करते प्रभावित किसान।

**बैठक में थे शामिल**

बैठक में कानूनगो कमलकांत वर्मा अतिरिक्त कानूनगो फिरनाथ सिंह, वरीय लिपिक विमल मुंडा, अमीन सिद्धेष्वर कुमार महतो, बालेष्वर महतो, मुखिया रीना देवी, नरेष यादव, नवीन साहू, अनिरूद्ध साहू, भीम मुंडा, विष्णु मंडा सहित काफी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित थे।


**कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक सी0, चाईबासारोड, खूँटी-835210**

**आवश्यक सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूलीशिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रॉंची के निदेशानुसार खूँटी जिलें के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत अर्हत्ताधारी शिक्षक/शिक्षिकाओं का विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु पूर्व में औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन किया गया था। जिस पर आपत्ति/दावा का निराकरण उपरांत पुनः ग्रेड 4 के (कला/भाषा एवं विज्ञान) तथा ग्रेड 7 में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक वरीयता सूची का प्रकाशन इस जिलें के वेबसाइट www. khunti. nic.in पर अपलोड किया गया है, अगर औपबंधिक वरीयता सूची में किसी प्रकार का आपत्तिहोतो दिनांक 30.08.2023 तकआपत्ति/दावा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में साक्ष्य सहित उपलब्ध करायेंगे। निर्धारित अवधि तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में त्रुटिरहित मानते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

ह0/—
जिला शिक्षा अधीक्षक,खूँटी

PR 305445 (District)23-24*D

### एशिया कप से पहले अनुकूलन शिविर में हिस्सा लेगी भारतीय टीम

**नयी दिल्ली।** एशिया कप के लिये चुने गये 18 भारतीय खिलाड़ी अगले तीन महीनों के ठसाठस कार्यक्रम को देखते हुए गुरुवार से बेंगलुरु में छह दिनों के 'अनुकूलन शिविर' में हिस्सा लेंगे। गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, खिलाड़ियों ने शिविर के लिये अलुर में स्थित कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के थ्री ओवल्स कैंपस पहुंचना शुरू कर दिया है। इस शिविर में जहां खिलाड़ियों की फिटनेस पर प्रमुखता से ध्यान दिया जायेगा, वहीं विश्व कप की तैयारी के आखिरी चरण में पहुंचने से पहले टीम समन्वय पर भी विशेष रूप से काम करेगी।

### मलेशिया की चुनौती के लिये तैयार भारतीय

**सलालाह (ओमान)।** भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार को यहां मलेशिया के खिलाफ महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। यह टूनार्मेंट 25 से 28 अगस्त तक होने वाला है। भारत का सामना एलीट पूल में मलेशिया के अलावा जापान और थाईलैंड से होगा। चैलेंजर्स पूल में हांगकांग, चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, ईरान और मेजबान ओमान शामिल हैं।

# प्रज्ञानंद हारे, मैग्नस कार्लसन ने जीता फिडे विश्व कप 2023

**एजेंसी**

**बाकू।** भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद इतिहास रचने से चूक गये और उन्होंने फिडे विश्व कप 2023 के फाइनल में गुरुवार को नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। दो दिन में दो मुकाबले ड्रॉ होने के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लसन ने टाईब्रेक के पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए 31वीं वरीयता प्राप्त प्रज्ञानंद को मात दी, जबकि सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोक लिया। पांच बार विश्व चैंपियनशिप जीत चुके कार्लसन ने आखिरकार विश्व कप की ट्रॉफी भी अपने नाम कर ली। उन्हें इस जीत के लिये एक लाख दस हजार डॉलर के इनाम से नवाजा जायेगा, जबकि प्रज्ञानंद को 80,000 रुपये मिलेंगे। टाईब्रेक के पहले रैपिड गेम में काले मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने प्रज्ञानंद की ई4 चाल का जवाब ई5 से दिया। दोनों खिलाड़ियों ने सटीक चालें चलीं लेकिन प्रज्ञानंद ने 42वीं चाल पर प्यादे को ए5 से ए6 पर बढ़ाया, जो गलत साबित हुआ। कार्लसन इस गलती का फायदा उठाकर शह मात के करीब आ गये और प्रज्ञानंद ने हार मान ली। दूसरे गेम में कार्लसन ने ई4 से शुरूआत की और चौकसी के साथ खेलते हुए कोई गलती नहीं की। प्रज्ञानंद ने मात्र 22 चालों के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई और कार्लसन विश्व कप फाइनल में 1.5-0.5 से विजयी हुए। उल्लेखनीय है कि प्रज्ञानंद विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी थे। साथ ही, उन्होंने कैंडिडेट्स टूनार्मेंट के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है और वह कार्लसन और बॉबी फिशर के बाद ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। प्रज्ञानंद फिडे विश्व कप का फाइनल खेलने वाले दूसरे भारतीय भी थे, जबकि उनसे पहले सिर्फ विश्वनाथन आनंद ने ऐसा किया था।




## कप हारने के बावजूद मालामाल हो गये आर प्रज्ञानंदा

**बाकू (अजरबैजान)।** प्रज्ञानंदा विश्व कप भले ही नहीं जीत सके हों, लेकिन दिग्गजों को धराशायी करके उन्होंने शतरंज को अखबारों के पहले पन्ने पर ला दिया। खेल की लोकप्रियता में इजाफा किया जो अमूमन देश के कुछ राज्यों में ही मशहूर है। बैंक की एक साधारण सी नौकरी करने वाले पिता रमेशबाबू का अब यह 18 वर्षीय बेटा अपने अकाउंट में आने वाले पैसे गिनेगा, जो उन्हें बतौर वर्ल्ड कप उपविजेता मिले। 10 अगस्त, 2005 को जन्में प्रज्ञानंदा को लगभग 66,13,444 ($80k) रुपये मिले। अगर वह चैंपियन बनते तो उन्हें लगभग 90,93,551 ($110k) रुपये मिलते। टूर्नामेंट का कुल पुरस्कार पूल लगभग 1,51,392,240 रुपये था।

### विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के उत्तराधिकारी

इस 18 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले कुछ समय से पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद का संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है और उन्होंने बाकू में फिडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके इसे सही साबित भी कर दिया। प्रज्ञानंदा को अब कैंडिडेट टूर्नामेंट में भाग लेने का मौका मिलेगा जिसका विजेता मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन के सामने चुनौती पेश करेगा। आनंद के बाद प्रज्ञानंदा दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कैंडिडेट टूर्नामेंट में जगह बनाई है। प्रज्ञानंदा ने साढ़े चार साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू किया था तथा अपने करियर में वह अभी तक कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं।

**18 साल की उम्र में बड़े कारनामे**

प्रज्ञानानंदा ने विशेषकर विश्वकप में दिखाया कि वह कभी हार नहीं मानते। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ उन्होंने अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया तथा अपने से अधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी को हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना से था जिन्हें उन्होंने रक्षण का अच्छा नमूना पेश करके टाई ब्रेकर में पराजित किया।

### रांची में खेलना गौरवमय होगा : सविता



**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने कहा है कि झारखंड की राजधानी रांची में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 खेलना 'गौरवमय अनुभव' होगा। महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच आयोजित होगी और भारत पहली बार इस टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम की कप्तान सविता ने टूनार्मेंट के बारे में अपना उत्साह और भारतीय धरती पर इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी के सम्मान को साझा किया।

## एशिया कप और वनडे विश्व कप में विराट कोहली के रिकॉर्ड्स को तोड़ सकते हैं गिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एक समय वनडे में भारत की बल्लेबाजी रोहित, शिखर और विराट की तिकड़ी के इर्द-गिर्द घूमती थी। लेकिन युवाओं के लिए भूमिका निभाने का समय आ गया है। इनमें सबसे होनहार हैं शुबमन गिल। पंजाब के फाजिल्का के इस युवा खिलाड़ी ने अंडर-19 दिनों से ही अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी क्षमता से सभी को प्रभावित किया है। निचले हाथ के बल्लेबाज गिल विराट कोहली को अपना आदर्श मानते हैं और उसी तरह के सांचे में खेलते हैं। दिलचस्प बात यह है कि विराट का मानना है कि गिल उनकी उम्र से कहीं अधिक प्रतिभाशाली हैं। दोनों के बीच काफी अच्छा तालमेल है और अक्सर मैदान पर मस्ती करते नजर आते हैं।

**1.** कोहली के एशिया कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन से रिकार्ड को गिल तोड़ सकते हैं। कोहली ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 11 एकदिवसीय मैचों में भाग लिया है, जिसमें आखिरी मैच 2014 में था। एशिया कप 2012 में कोहली ने 3 पारियों में 357 रन बनाए जिसमें क्रमशः श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ दो शतक शामिल हैं। भारत को आगामी एशिया कप 2023 में 5-6 मैच खेलने हैं और उम्मीद है कि गिल उन सभी में खेलेंगे।



**2.** विराट कोहली वनडे क्रिकेट में तीन बार लगातार पांच अर्धशतक लगा चुके हैं। पहला 2012 में आया, जबकि अन्य दो क्रमशः 2013 और 2019 में हुए। 2012 में कोहली ने तीन मैचों को छोड़कर बाकी सभी चार मैचों में शतक बनाए, जहां वह आगे बढ़ने में असफल रहे। गिल अपनी निरंतरता के कारण इसे तोड़ सकते हैं।

**3.** गिल कोहली के सबसे तेज 2000 वनडे रन के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। गिल 19 मैचों में सबसे तेज 1000 वनडे रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी थे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक के रिकॉर्ड की बराबरी की। वनडे विश्व कप शुरू होने से पहले भारत कम से कम 7-8 मैच खेलेगा। और अब से सभी मैच या तो उपमहाद्वीप में या भारत में आयोजित किए जायेंगे। इसलिए गिल के पास शेष 563 रनों को पार करने का सबसे अच्छा मौका है।

**4.** 2013 में जयपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली ने वनडे में सबसे तेज शतक लगाया था। 27 गेंदों पर पचास रन तक पहुंचने के बाद अगली 25 गेंदों में वह 100 तक पहुंच गए थे। कोहली ने भारत के लिए सबसे तेज वनडे शतक का वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड तोड़ा था। अब शुबमन इस आंकड़े को और बेहतर कर सकते हैं। गिल जानते हैं कि जल्दी से तीन अंक के आंकड़े तक कैसे पहुंचना है, लेकिन क्या वह 52 गेंदों से पहले ऐसा कर सकते हैं, यह केवल समय बताएगा।

**5.** कोहली ने एक साल में सबसे ज्यादा शतक (छह वनडे) बनाए हैं। अब तक शुबमन गिल के नाम पहले से ही तीन वनडे शतक हैं। 23 वर्षीय खिलाड़ी को विराट कोहली से आगे निकलने के लिए चार और शतकों की जरूरत है। अगले कुछ महीनों में बहुत सारे एकदिवसीय मैच होने के कारण उनके पास वहां तक पहुंचने का वास्तविक मौका है। गौरतलब है कि गिल ने अब तक 12 मैच खेले हैं।

### राजेश्वरी ने हासिल किया भारत का सातवां निशानेबाजी ओलंपिक कोटा



**बाकू।** राजेश्वरी कुमारी ने गुरुवार को निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप 2023 के महिला ट्रैप फाइनल में पांचवां स्थान हासिल करके पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का सातवां निशानेबाजी कोटा हासिल कर लिया। विश्व चैंपियनशिप पेरिस में होने वाले 2024 ओलंपिक के लिये एक क्वालीफाइंग आयोजन है। ओलंपिक की 12 एकल निशानेबाजी स्पधाओं में शीर्ष चार स्थानों पर रहने वाले निशानेबाजों के लिये कुल 48 ओलंपिक कोटा उपलब्ध थे। ट्रैप महिला फाइनल की रजत पदक विजेता जेसिका रॉसी पहले ही पेरिस के लिये क्वालीफाई कर चुकी हैं, जिसके कारण राजेश्वरी ने पांचवां स्थान हासिल करने के बावजूद पेरिस का टिकट कटा लिया।

### सात्विक-चिराग क्वाफा में पहुंचे, त्रिशा-गायत्री हारीं

**कोपनहेगन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में गुरुवार को इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डैनियल मार्टिन को हराकर पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया। प्री-क्वार्टरफाइनल मैच का पहला गेम जीतने के बाद भारतीय जोड़ी थोड़ा लड़खड़ाई, लेकिन अंततः वे अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों को एक घंटा एक मिनट में 21-15, 19-21, 21-9 से हराने में कामयाब रहे। यह कार्नांडो और मार्टिन के खिलाफ सात्विक-चिराग की दो मुकाबलों में दूसरी जीत है। अगले चरण में शीर्ष भारतीय युगल का सामना डेनमार्क के किम एस्ट्रप/एंडर्स रासमुसेन या मलेशिया के ओंग यू सिन/तियो ई यी से होगा।

## यूएस ओपन कप : मेस्सी के कमाल से इंटर मियामी ने फाइनल में बनायी जगह

**एजेंसी**




**सिनसिनाटी ।** लियोनेल मेस्सी ने दो गोल करने में मदद की और बाद में पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे इंटर मियामी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके मेजर सॉकर लीग में शीर्ष पर चल रहे सिनसिनाटी को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर यूएस ओपन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। सिनसिनाटी ने शुरू में ही 2-0 से बढ़त हासिल कर ली थी। इसके बाद मेस्सी के प्रयासों से लियोनार्डो कैम्पाना ने दो गोल दागकर इंटर मियामी को बराबरी दिलाई। मियामी ने अतिरिक्त समय के तीसरे मिनट में जोसेफ मार्टिनेज के गोल से बढ़त बनाई लेकिन सिनसिनाटी ने 114वें मिनट में युया कुबो के गोल से मैच को फिर बराबरी पर ला दिया। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें मियामी जीत दर्ज करने में सफल रहा। मियामी 27 सितंबर को होने वाले फाइनल में ह्यूस्टन डायनेमो से भिड़ेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में रियल साल्ट लेक को 3-1 से हराया।

### वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दुमदुमा गांव निवासी विनय कुमार महतो बारिश के दौरान खेत में शौच कर रहा था। इसी दौरान आकाशीय बिजली का शिकार हो गया। हादसे में विनय की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

### सारण में पिकअप वैन से शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के छपरा–मांझी मुख्य मार्ग पर रिविलगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक पिकअप वैन पर लदे अवैध विदेशी शराब को बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रिविलगंज थाना क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर थाना पुलिस के द्वारा सघन वाहन जांच अभियान के दौरान एक पिकअप वैन से कुल 578.88 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। बलिया जिले के दुबहर थाना क्षेत्र के दुबहर गांव निवासी केशु नाथ पटेल को गिरफ्तार किया गया है।

### औरंगाबाद में रिश्वत लेते थानाध्यक्ष गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य सर्तकता अन्वेषण ब्यूरो ने गुरूवार को औरंगाबाद जिले के उपहारा थाना के थानाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग के सूत्रों ने यहां बताया कि थानाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता थाना परिसर में हमीदनगर के एक व्यक्ति से 20 हजार रुपए रिश्वत ले रहा था तभी उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### सड़क हादसे में शिक्षिका की मौत

**अररिया।** फारबिसगंज जोगबनी मुख्य मार्ग में मीरगंज चौक के समीप ई रिक्शा को पीछे से बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिसमे ई रिक्शा पर सवार नरपतगंज के सोनापुर मध्य विद्यालय की शिक्षिका 42 वर्षीया कुमारी प्रीति पति –डॉ निलेश देव की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।जहां चिकित्सकों ने शिक्षिका कुमारी प्रीति के प्री ही मौत हो जाने की जानकारी दी।जबकि ई रिक्शा चालक 35 वर्षीय नवीन कुमार पिता रामप्रसाद राम बुरी तरह जख्मी हो गया। जोगबनी के रहने वाले घायल चालक को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद समुचित इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### वगछिया में बासा पर मिला पर चरवाहा का शव

**भागलपुर।** नवगछिया पुलिस जिले के नदी थाना क्षेत्र में बीते देर रात बासा पर एक चरवाहरा का शव मिला है। चरवाहा की मौत गोली लगने से हुई है। पुलिस घटना के कारण और अपराधियों की तलाश कर रही है। सुबह में परिजनों से सूचना मिलने पर पुलिस ने उसका शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिस व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई है उसका नाम रामशरण यादव है और वह कहारपुर बिहपुर थाना क्षेत्र का निवासी है। वह टेकनापुर दियारा में अपने बासा पर अपनी पांच गाय व भैंस के साथ रहता था। गुरुवार की सुबह उसका भांजा हाल चाल लेने बासा पहुंचा तो 37 वर्षीय रामशरण यादव मृत मिले।

### बिहार के बांका में करंट से दो की मौत

**पटना/बांका।** बिहार में बांका जिले के बौंसी थाना क्षेत्र के सुजानीटिकर गांव में खेत में कम कर रहे दो चचेरे भाईयों की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गांव निवासी चुन्नीलाल यादव बहियार स्थित अपने खेत जा रहे थे। गांव का ही एक व्यक्ति डकाई नदी से मोटर के जरिए खेत में पानी ले जा रहा था। तार नंगा रहने की वजह से खेत में फैले पानी में भी करंट दौड़ रहा था। जैसे ही चुन्नीलाल का पैर पानी में पड़ा उसे बिजली का तेज झटका लगा। उसे बचाने के लिए चचेरा भाई रघुनाथ यादव भी दौड़ पड़ा। बताया जाता है कि सूखे गमछे से पकड़कर उसने बचाने का प्रयास किया लेकिन खाली पैर रहने और जमीन गीली रहने की वजह से वह भी करंट का शिकार हो गया।

# बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे की सौगात, पुल और एलिवेटेड रोड से गडकरी ने भरी तेजस्वी की झोली

**बिहार में इन प्रोजेक्टस को लेकर हुई बात**

- बक्सर से भागलपुर तक एक्सप्रेसवे बनाने को लेकर बात हुई
- पटना में गंगा पर जेपी सेतु के समानांतर पुल बनाने की मांग
- पटना-कोइलवर और अनीसाबाद-दीदारगंज के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर
- केंद्र सरकार की लंबे अर्से से लंबित परियोजनाओं पर चर्चा की गई
- पटना-गया और हाजीपुर-छपरा रोड प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने पर बात हुई
- महेशखूंट-सहरसा-पूर्णिया NH और मुजफ्फरपुर बाइपास को लेकर चर्चा हुई



**एजेंसी**

**पटना।** 'नितिन गडकरी विकास को लेकर बहुत पॉजिटिव हैं।' केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मुलाकात के बाद बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने ये बातें कही। तेजस्वी यादव ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की। तेजस्वी के साथ अधिकारियों की टीम भी मौजूद थी। मुलाकात बात तेजस्वी ने मीडिया कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बिहार के विकास को लेकर बहुत पॉजिटिव हैं।

**रोड प्रोजेक्ट के काम में तेजी लाने की मांग**

नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद तेजस्वी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री से बिहार में उन परियोजनाओं को तेज करने के बारे में चर्चा की, जो पिछले 11-12 वर्षों से रुकी हुई हैं। मुझे लगता है कि नितिन गडकरी विकास को लेकर बहुत सकारात्मक हैं। बिहार में पिछले कुछ साल से जो प्रोजेक्ट रुके हुए थे, हमने उन्हें तेज करने की बात की।

**तेजस्वी ने गडकरी से मांगा बिहार के लिए एक्सप्रेसवे**

तेजस्वी ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण मांग ये थी कि बिहार में कोई एक्सप्रेसवे नहीं है तो हमने नितिन गडकरी से एक एक्सप्रेसवे की मांग की है। वो इसके लिए सकारात्मक लग रहे थे। इसे लेकर तेजस्वी ने कुछ फोटो के साथ मुलाकात की अहम बातों को सोशल मीडिया पर शेयर किया। तेजस्वी ने लिखा कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी से बिहार की सड़क परियोजनाओं के संबंध में सकारात्मक वार्ता हुई। गडकरी-तेजस्वी मुलाकात से लगता है कि बिहार को एक्सप्रेस वाली सौगात मिलेगी। बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस की मांग लंबे समय से की जा रही है। तेजस्वी यादव ने इस प्रोजेक्ट में तेजी लाने की गुहार लगाई है। तेजस्वी यादव के बातों से लग रहा है कि नितिन गडकरी ने भी उन्हें निराश नहीं किया है।

### तेजप्रताप यादव ने भीड़ में किसका दबाया गला

**गोपालगंजः** करीब साल बाद अपने गांव फुलवरिया और ससुराल सेलार कला पहुंचे आरजेडी चीफ लालू प्रसाद यादव और पूर्व सीएम राबड़ी यादव के कई वीडियो वायरल हैं। अब लालू यादव के बेटे और बिहार के वन और पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव का भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में मंत्री तेज प्रताप यादव एक युवक का गला दबाकर उसे धक्का दे रहे हैं। यह वीडियो कहीं और का नहीं, बल्कि तेज प्रताप यादव के ननिहाल सेलार कला का है। यहीं पर भीड़ में खड़े तेज प्रताप यादव एक युवक का गला दबाकर उसे धक्का दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पीड़ित युवक का नाम सुमंत कुमार यादव है।

### पेट्रोल पंप की 10 लाख लूट में मुंशी गिरफ्तार

**नवादा।** पेट्रोल पंप का कर्मी ही निकला साजिश कर्ता,दिन दहाड़े 10 लाख की लूट की वारदात का पुलिस में दर्ज कराया था झूठा रपट, पुलिस ने किया खुलासा। नवादा पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मी से 10 लाख रुपए की लूट कांड का गुरुवार को खुलासा किया है.पूरा मामला रोह थाना क्षेत्र में स्तिथ देवा किसान पेट्रोल पंप के कर्मी ने कादिर गंज थाना क्षेत्र के पचंभा मोड़ के समीप बाइक सवार बदमशों द्वारा 10 लाख रुपये की लूट की वारदात का स्थानीय थाने में लिखित शिकायत किया था. वहीं इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर तफ्तीश में जुट गई थी घटना 30 मई 2023 की दोपहर की बताई जाती वहीं पुलिस आज चार माह के बाद पुलिस ने लूट कांड का खुलासा कर साजिशकर्ता पेट्रोल पंप के कर्मी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### महिला परीक्षार्थी की सड़क दुर्घटना में मौत

**रोहतास।** रोहतास जिले के कोचस थानाक्षेत्र के चौसा सासाराम पथ पर हरिहरडिहरा गांव के समीप आज बाईक दुर्घटना में बीपीएससी परीक्षा में शामिल होने जा रही एक महिला परीक्षार्थी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई है। सासाराम जा रही मृतका शालिनी राय 35 वर्ष पति राहुल राय ग्राम बसुका गाजीपुर यूपी की निवासी बताई जाती है। कोचस सीएचसी प्रभारी तुषार कुमार के अनुसार वह अपने ससुर के साथ बाईक से सासाराम बीपीएससी की परीक्षा देने जा रही थी. इसी दौरान हरिहरडिहरा गांव के समीप बनाए गए ब्रेकर पर बाईक अचानक उछल गई। जिसके बाद महिला बाईक से नीचे जा गिरी। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर गिरने के बाद महिला के सर में गंभीर चोट लगने के कारण वह वहीं पर मुर्छित अवस्था में आ गई। जहां ग्रामीणों की सहायता से उसे सीएचसी लाया गया। सीएचसी के चिकित्सक जब महिला की जांच शुरू किए तो वह मृत पाई गई।

## उत्तर बिहार बैंक के 500 करोड़ घोटाला मामले में पटना हाई कोर्ट ने सीबीआई से मांगे जवाब

**एजेंसी**

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में 500 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। जस्टिस पीबी बजनथ्री व जस्टिस अरुण कुमार झा की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को चार सप्ताह में जवाब देने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं के अधिवक्ता शिव प्रताप ने आरबीआई के एक सर्कुलर का हवाले देते हुए कहा कि बैंक में यदि घोटाले की रकम तीन करोड़ रुपये से ज्यादा की हो तो इसे सीबीआई को जांच के लिए सुपुर्द किया जाना चाहिए। जनहित याचिका नवनीत कुमार और धर्मजय कुमार ने दायर की है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 8 अगस्त को एसएसपी, मुजफ्फरपुर ने व्यक्तिगत हलफनामा दायर किया। इसमें उन्होंने बताया कि सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने उलटे याचिकाकताओं पर आरोप लगा कर केस बंद करने का अनुरोध किया। इससे पूर्व एसएसपी, मुजफ्फरपुर की गठित टीम के प्रमुख पुलिस उपाधीक्षक राघव दयाल की रिपोर्ट में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोन देने की बात बताई गई थी। वर्तमान में सीबीआई वैशाली जिले के कस्तूरीसराय शाखा में हुए घोटाले की जांच कर रही है। कोर्ट ने मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई से कराने के एसएसपी, मुजफ्फरपुर के अनुरोध को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी मुजफ्फरपुर पुलिस ने काजी मुहम्मदपुर थाना कांड संख्या 83/2022 बिना किसी जांच के बंद कर वादी पर ही आरोप लगा दिया था, जिसकी कोर्ट के हस्तक्षेप से पुनः सुनवाई की जा रही है। इस मामले की अगली सुनवाई 21 सितंबर को होगी।




## देश में फिर बनेगी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार : सम्राट चौधरी

**एजेंसी**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में देश में एक बार फिर केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। श्री चौधरी ने गुरुवार को औरंगाबाद के शाहपुर अखाड़ा और बंधन रिसोर्ट में पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देश को राजग ही स्थिर, सक्षम और मजबूत सरकार दे सकता है। उन्होंने नीतीश कुमार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब यह सत्ता में आए थे तो बिहार में शराब की 987 दुकानें थी और जब इन्होंने शराबबंदी लागू की तो राज्य में 11000 शराब की दुकानें थी । इस प्रकार नीतीश कुमार ने राज्य की जनता को 11 गुना अधिक शराब पिलाने का काम किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में तरक्की हुई है और विश्व के पटल पर भारत मजबूती के साथ उभरा है । देश का जनमानस नरेंद्र मोदी के पक्ष में है । सभा को सांसद सुशील कुमार सिंह विधान पार्षद दिलीप सिंह, जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा और उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।



